St. Claret College

Roll No:
Date:

Autonomous, Bengaluru

UG END-SEMESTER EXAMINATION-MAY 2026

B.COM. / B.COM. VOC. (TTM) / BBA IV SEMESTER

HNC 425: उपन्यास, भारतीय प्राच्य साहित्य एवं अपठित गद्यांश

18

TIME: 3 hours. **MAX. MARKS: 80**

This Paper Contains 03 Printed Pages and VI Sections

Instructions:

1. **Verify and ensure that the question paper is completely printed before answering the question paper.**
2. **Any discrepancies or questions about the exam paper must be reported to the COE within 1 hour after the examination.**
3. **Students must check the course title and course code before answering the question paper.**

SECTION-I

दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए : **[10 x 1 = 10]**

1. विदो बाबू के घर का नाम क्या था ?

i.) भागीरथी निवास ii.) यमुना निवास iii.) गंगा निवास iv.) सरस्वती निवास

2. 'अँधेरा कोना' उपन्यास का केंद्र बिंदु क्या है ?

i.) सत्ता और राजनीति ii.) हास्य व्यंग्य iii.) सांस्कृतिक iv.) ऐतिहासिक

3. किसने खुश होकर पिंटू को रिक्शा दिया था ?

i.) नागो ii.) घुटर यादव iii.) फुत्तन iv.) रामचरित्तर

4. लोग चिड़िया को क्या मानने लगे थे ?

i.) परी ii.) औरत iii.) स्त्री iv.) चुड़ैल / नागिन

5. नागो के पिता क्या काम करते थे ?

i.) मुंशी ii.) लोहार iii.) रिक्शा चालक iv.) सिपाही

6. वास्तव में विधायक कौन है ?

i.) घुटर यादव ii.) नागो iii.) छुई देवी iv.) फूलो बाबू

7. नागो का काम क्यों खत्म हो गया था ?

i.) सड़क बनने से ii.) छुई देवी के कारण iii.) चिड़िया के कारण iv.) ई-रिक्शा के आने से

8. विदो बाबू को कैद खाने में किसने देखा ?

i.) नागो ने ii.) फुत्तन iii.) घुटर यादव iv.) छुई देवी

9. घुटर यादव कितने वोटों से चुनाव में विजयी हुआ था ?

i.) 40 हजार ii.) 30 हजार iii.) 50 हजार iv.) 60 हजार

10. 'अँधेरा कोना' उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए।

i.) संजीव ii.) सच्चिदानंद चतुर्वेदी iii.) विवेकी राय iv.) उमाशंकर चौधरी

SECTION-II

किन्ही दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए: **[2 x 7= 14]**

11. "विदो बाबू उस दरवाजे पर बैठकर उनकी शिकायते सुनते और फिर अपने टाइपराइटर पर उन शिकायतों को टाइप करते और फिर पुलिस, मुखिया, सरपंच, विधायक और यहाँ तक कि मुख्यमंत्री तक के नाम पत्र लिखते।"

12. "भैया, अब वह जमाना नहीं रहा। सब बदल गया। इ दुनिया अब वह दुनिया नहीं रहा जहाँ सुकून से लोग रहते थे। अब बहुते अविश्वास है इ दुनिया में।"

13. "अरे, जब एक मर्द ही राज चलाएगा तो काहे को ये नाटक करते हो कि स्त्री को मजबूत होना चाहिए । स्त्री को राजनीतिक शक्ति मिलनी चाहिए । अरे, सीधा-सीधा कह दो कि इ लोकतंत्र हम ही चलाएंगे, महिलाएँ तो सिर्फ घर में आटा गूंथेंगी । "

SECTION-III

किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : **[1 x 16 = 16]**

14. 'अँधेरा कोना' उपन्यास के पात्रों के माध्यम से समाज की वास्तविक स्थिति को उजागर किया गया है? स्पष्ट कीजिए।

15. 'अँधेरा कोना' उपन्यास का सारांश लिखकर, उसमें चित्रित ग्रामीण समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

SECTION-IV

किन्ही दो विषयों पर टिप्पणी लिखिए : **[2 x 5 = 10]**

16. घुटर यादव
17. गाँव में मोबाईल का दुष्प्रभाव
18. चिड़िया

SECTION-V

हितोपदेश की किन्हीं दो कहानियों का सारांश लिखिए : **[2 x 10 = 20]**

19. दुष्ट की मित्रता का फल
20. वयोवृद्ध की सलाह
21. कर्तव्यपालन का फल

SECTION-VI

22. अपठित गद्यांश को पढ़ कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए: **[5 x 2 = 10]**

सत्य और अहिंसा मानव जीवन के सबसे महत्वपूर्ण मूल्य हैं। सत्य का अर्थ है हमेशा सच बोलना और सही रास्ते पर चलना। अहिंसा का अर्थ है किसी भी जीव को मन, वचन और कर्म से कष्ट न देना। जब मनुष्य सत्य और अहिंसा को अपनाता है, तो उसका जीवन शांत और सुखी बन जाता है। समाज में भी प्रेम, भाईचारा और विश्वास बढ़ता है। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को अपने जीवन का आधार बनाया था। उन्होंने इन्हीं सिद्धांतों के बल पर देश को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका मानना था कि हिंसा से समस्या बढ़ती है, जबकि अहिंसा से समाधान निकलता है। आज के समय में भी सत्य और अहिंसा की बहुत आवश्यकता है। यदि हम अपने जीवन में इन मूल्यों को अपनाएँ, तो समाज में शांति और सद्भाव बना रह सकता है। हमें हमेशा सच बोलना चाहिए और दूसरों के साथ प्रेम और दया का व्यवहार करना चाहिए।

I. सत्य का क्या अर्थ है?
II. अहिंसा किसे कहते हैं?
III. महात्मा गांधी ने किन सिद्धांतों को अपनाया?
IV. अहिंसा से क्या लाभ होता है?
V. हमें अपने जीवन में किन मूल्यों को अपनाना चाहिए?

****